RNI No. : UPHIN/2017/74695

डाक पंजीकरण सं. :
एस.एस.पी./एल.डब्लू./एन.पी. - 558/2024-2026

# स्टूडियो न्यूज

वर्ष : 10 अंक : 03 | लखनऊ, रविवार, 6 सितम्बर 2026 से 5 अक्टूबर 2026 | पृष्ठ : 16 | मूल्य : 10 रूपये




BAJAJ FINSERV
EMI AVAILABLE
2 YEARS WARRANTY
Schneider KREUZNACH × SAMYANG
EXPERIENCE, EVERYWHERE.
AF 60-180mm F2.8 L MOUNT
UNLOCK
LOCK
Schneider - KREUZNACH
X
LK SAMYANG
0.35m-0.78m Ø77
ONLY
728g
COMPACT & LIGHTWEIGHT
INDIA photo video EXPO
UTTAR PRADESH
Visit Our Booth - LP4A
on 11, 12 & 13th Sept 2026
GOLDEN BLOSSOM IMPERIAL, LUCKNOW, U.P.
MOVE LIGHTER. CAPTURE MORE.
www.lksamayang.com
INNOVATIVE TECH
DISTRIBUTION PVT LTD
Importer and Distributor for North India
308 A, 3rdFloor, NDM 1 Tower,
Netaji Subhash Place, Pitampura, Delhi - 110034
Web: www.intechdistribution.com , Email : intechdelhi@gmail.com
Follow SAMYANG - INDIA NORTH on
Information & Sales - 011-43082205, 9050806575, Service Centre- 9871272689

STUDIO NEWS

लखनऊ, रविवार, 6 सितम्बर 2026 से 5 अक्टूबर 2026

किसी व्यक्ति की तस्वीर को ज्यों का त्यों उतार देना एक बात है और एक काबिल फोटोग्राफर उस व्यक्ति की आत्मा को भी उस तस्वीर में कैद कर सकता है। - पॉल कपोनिग्रो



# सम्पादक की कलम से ...



प्रिय फोटोग्राफर्स साथियो,

## बदलती तकनीक, बदलती फोटोग्राफी

फोटोग्राफी आज केवल कैमरा उठाकर तस्वीर बनाने तक सीमित नहीं रही। तकनीक जिस तेजी से बदल रही है, उसका सीधा असर वेडिंग फोटोग्राफर, स्टूडियो फोटोग्राफर और कंटेंट क्रिएटर्स के काम पर दिखाई दे रहा है। पिछले एक महीने की तकनीकी हलचल को देखें तो एक बात स्पष्ट है, आने वाला समय बेहतर कैमरे से ज्यादा बेहतर वर्कफ्लो का है।

सबसे बड़ा बदलाव AI और स्मार्ट एडिटिंग के क्षेत्र में हो रहा है। मास्किंग, नॉइज रिडक्शन, एक्सपोजर सुधार, बैकग्राउंड विस्तार और वीडियो एडिटिंग जैसे काम लगातार आसान और तेज हो रहे हैं। इसका मतलब यह नहीं कि फोटोग्राफर या एडिटर की जरूरत खत्म हो जाएगी। बल्कि अब जरूरत होगी AI को सही तरीके से इस्तेमाल करने की। हमारा सुझाव है कि फोटोग्राफर केवल कैमरा सेटिंग ही नहीं, बल्कि AI आधारित एडिटिंग टूल्स को भी अपने कौशल का हिस्सा बनाएं।

वेडिंग फोटोग्राफर्स के लिए तेज ऑटोफोकस, फेस डिटेक्शन, ऑब्जेक्ट ट्रैकिंग और बेहतर लो-लाइट परफॉर्मेंस जैसी सुविधाएं बेहद उपयोगी हैं। शादी के दौरान निर्णायक क्षण दोबारा नहीं आते, इसलिए कैमरे की तकनीक का सही उपयोग जरूरी है। साथ ही एक ही शूट से फोटो के साथ Reels, Shorts और सोशल मीडिया कंटेंट तैयार करने की तैयारी रखें। आज क्लाइंट केवल एल्बम नहीं, पूरा डिजिटल पैकेज चाहता है।

स्टूडियो फोटोग्राफर्स के लिए एक और अवसर सामने आ रहा है - डिजिटल और प्रिंट का बेहतर संयोजन। ऑन-लोकेशन इंस्टेंट प्रिंटिंग, इवेंट प्रिंट और डिजिटल फोटो से फिजिकल प्रिंट तक की सेवाएं स्टूडियो के लिए अतिरिक्त आय का माध्यम बन सकती हैं। इसलिए स्टूडियो को केवल फोटो शूट सेंटर न मानकर एक इमेजिंग सर्विस सेंटर के रूप में विकसित करने की जरूरत है।

एक महत्वपूर्ण विषय डेटा मैनेजमेंट और बैकअप भी है। बड़े वेडिंग और वीडियो प्रोजेक्ट में फाइलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। तेज SSD, NAS और क्लाउड बैकअप जैसी सुविधाएं अब लग्जरी नहीं, बल्कि प्रोफेशनल जरूरत बनती जा रही हैं। एक सरल नियम अपनाएं - महत्वपूर्ण शूट का कम से कम दो अलग माध्यमों पर बैकअप जरूर रखें और फाइलों को व्यवस्थित नाम व फोल्डर सिस्टम के साथ सुरक्षित करें।

कंटेंट क्रिएटर्स के लिए कैमरा सिस्टम भी तेजी से बदल रहा है। छोटे गिंबल कैमरे, 360° कैमरे, इंटरचेंजेबल-लेंस सिस्टम, बेहतर वायरलेस ऑडियो और स्मार्टफोन टेलीफोटो जैसे विकल्प बता रहे हैं कि भविष्य का कंटेंट अधिक मोबाइल, तेज और मल्टी-फॉर्मेट होगा। इसलिए भारी उपकरणों के बजाय जरूरत के अनुसार हल्का और बहुउपयोगी सेटअप तैयार करना समझदारी होगी।

लेकिन तकनीक के साथ डिजिटल सुरक्षा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सोशल मीडिया पर साझा की गई तस्वीरों से स्थान और निजी जानकारी का अनुमान लगाया जा सकता है। खासकर वेडिंग और ट्रैवल फोटोग्राफर्स को पोस्ट करते समय लोकेशन, निजी दस्तावेज और अन्य संवेदनशील जानकारी को लेकर सावधान रहना चाहिए।

आज फोटोग्राफी में प्रतिस्पर्धा केवल कैमरा या लेंस की नहीं है। प्रतिस्पर्धा इस बात की है कि कौन फोटोग्राफर बेहतर तस्वीर, तेज डिलीवरी, व्यवस्थित डेटा और अधिक प्रभावी डिजिटल कंटेंट दे सकता है। इसलिए नई तकनीक से दूरी बनाने के बजाय उसे समझना और अपने काम में शामिल करना ही समय की मांग है।

अंततः, AI कितना भी आगे क्यों न बढ़े, फोटोग्राफी की असली पहचान फोटोग्राफर की नजर, रचनात्मकता और कहानी कहने की क्षमता ही रहेगी। तकनीक हमारा विकल्प नहीं, हमारी ताकत बननी चाहिए। जो फोटोग्राफर आज सीखने और बदलने के लिए तैयार है, वही कल के बाजार में सबसे आगे रहेगा।

आप और आपका परिवार सुखी एवं स्वस्थ रहे, ऐसी ईश्वर से कामना है। फोटोग्राफी से सम्बंधित किसी भी समस्या एवं जानकारी हेतु आप हमें 11 से 7 बजे तक इन दूरभाष 0522-4108575 / 0522-3654971 पर संपर्क कर सकते है।

**सुरेंद्र सिंह बिष्ट, सम्पादक**

# गोरखपुर में SONY का नया Digital Imaging Display स्टोर शुरू






Sony India ने गोरखपुर, उत्तर प्रदेश में अपने इमेजिंग उत्पादों की उपस्थिति को मजबूत करते हुए Anand Digital World में नए Digital Imaging Display का शुभारंभ किया। 13 अगस्त को आयोजित उद्घाटन समारोह में **मुकेश श्रीवास्तव**, Head – Imaging & Professional Solution Business, Sony India ने नए डिस्प्ले का उद्घाटन किया। नया Digital Imaging Display फोटोग्राफी और कंटेंट क्रिएशन से जुड़े लोगों को Sony की नवीनतम तकनीक को करीब से समझने और अनुभव करने का अवसर प्रदान करेगा। यहां क्रिएटर्स Sony के अत्याधुनिक कैमरों और G Master सीरीज के लेंस को प्रत्यक्ष रूप से देख, परख और टेस्ट कर सकेंगे।

# अन्तर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय खबरें

### Lightroom की Masking हुई और भी बेहतर



Adobe ने Lightroom के नए अपडेट में Masking टूल को अधिक सटीक और प्रभावी बनाया है। Lightroom Classic 15.5 और Lightroom 9.5 में अब Feather और Edge स्लाइडर्स के जरिए मास्क के किनारों को नरम करने तथा चयनित क्षेत्र को बढ़ाने या घटाने की सुविधा मिलेगी। खासतौर पर बाल और पेड़ों जैसी बारीक डिटेल वाली तस्वीरों में इससे बेहतर परिणाम मिलेंगे। Lightroom 9.5 में Generative Expand भी जोड़ा गया है, जबकि iPad पर AI Denoise सुविधा भी उपलब्ध हुई है।

### Adobe ने ChatGPT में जोड़े 70+ Creative Tools, Canva को सीधी चुनौती




Adobe ने ChatGPT के लिए नया Adobe Plugin लॉन्च किया है, जिसके जरिए यूजर्स ChatGPT छोड़े बिना Photoshop, Lightroom, Premiere Pro, Firefly, Illustrator, Express और Acrobat समेत 70 से अधिक Adobe टूल्स इस्तेमाल कर सकेंगे। फोटो एडिटिंग, वीडियो रीसाइजिंग, सोशल मीडिया कंटेंट निर्माण और बैच फोटो एडिटिंग जैसे कार्य AI की मदद से किए जा सकेंगे। Adobe का यह कदम Canva जैसे AI-केंद्रित क्रिएटिव प्लेटफॉर्म को सीधी चुनौती देने के साथ क्रिएटिव वर्कफ्लो को अधिक सहज बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### Blackmagic Cinema Camera 6K को Firmware Update से मिला PDAF और Object Tracking

Blackmagic Design ने Cinema Camera 6K के लिए Firmware 10.2.2 जारी किया है, जिससे कैमरे में Phase Detect Autofocus (PDAF), Continuous AF, Face Detection और Object Tracking



जैसी सुविधाएँ जुड़ गई हैं। फुल-फ्रेम 6K L-Mount कैमरे में अब AF Transition Speed और Shortcut Controls का विकल्प भी मिलता है। अपडेट के साथ Blackmagic Cloud Streaming, चार-चैनल ऑडियो रिकॉर्डिंग और Pre-Recording सपोर्ट भी जोड़ा गया है। Firmware Update मुफ्त उपलब्ध है।

### AI से सोशल मीडिया फोटो की लोकेशन तलाश रहे साइबर ठग



सोशल मीडिया पर साझा की गई छुट्टियों और यात्राओं की तस्वीरें अब साइबर ठगों के निशाने पर हैं। AI टूल्स की मदद से अपराधी फोटो में दिखाई देने वाले स्थान, पहचान योग्य वस्तुओं और अन्य संकेतों का विश्लेषण कर किसी व्यक्ति की लोकेशन तथा निजी जानकारी का अनुमान लगा सकते हैं। विशेषज्ञों ने फोटोग्राफर्स और सोशल मीडिया यूजर्स को तस्वीरें पोस्ट करते समय सावधानी बरतने की सलाह दी है। अनजान लोगों से निजी जानकारी साझा करने से भी बचना चाहिए।

### Cosina ने Fujifilm X-Mount के लिए पेश किए Silver Voigtländer Nokton Lenses



Cosina ने Fujifilm X-Mount कैमरों के लिए दो नए प्रीमियम Voigtländer Nokton प्राइम लेंस लॉन्च किए हैं। इनमें Nokton 23mm f/1.2 Aspherical और Nokton 35mm f/1.2 शामिल हैं। सिल्वर फिनिश वाले इन लेंसों को स्टाइलिश रेट्रो डिजाइन और तेज अपर्चर के साथ पेश किया गया है। f/1.2 अपर्चर कम रोशनी में बेहतर प्रदर्शन और आकर्षक बैकग्राउंड ब्लर की सुविधा देता है। दोनों लेंस Fujifilm X सिस्टम के लिए पोर्टेबल और क्रिएटिव शूटिंग विकल्प प्रदान करते हैं।

### Adaptalux ने Macro Photography के लिए Lighting Solution पेश किया



Adaptalux ने मैक्रो फोटोग्राफी के लिए ऐसा लाइटिंग सिस्टम विकसित किया है, जिसका उद्देश्य छोटे और जटिल विषयों पर प्रकाश को नियंत्रित करना आसान बनाना है। सिस्टम मैक्रो शूटिंग में आवश्यक सटीक रोशनी देने के लिए लचीले लाइटिंग विकल्प उपलब्ध कराता है। खासतौर पर कीड़े, फूल, ज्वेलरी और अन्य छोटे विषयों की फोटोग्राफी करने वाले फोटोग्राफर्स के लिए यह उपयोगी हो सकता है। इसका लक्ष्य पारंपरिक मैक्रो लाइटिंग सेटअप की जटिलता कम करना है।

### Insta360 ने लॉन्च किया Luna Pro Gimbal Camera



Insta360 ने नया Luna Pro गिंबल कैमरा पेश किया है, जो कंपनी के Luna Ultra का हल्का और सरल सिंगल-कैमरा संस्करण है। इसमें Luna Ultra की प्रमुख Detachable Screen सुविधा बरकरार रखी गई है। कॉम्पैक्ट डिजाइन वाला Luna Pro पोर्टेबल वीडियो शूटिंग और मोबाइल क्रिएटर्स को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। कंपनी का लक्ष्य इसे DJI Osmo Pocket 3 और 4 के मुकाबले एक प्रतिस्पर्धी विकल्प के रूप में पेश करना है, खासकर उन यूजर्स के लिए जो बेहतर स्थिरीकरण और लचीली शूटिंग चाहते हैं।

### TTArtisan ने पेश किया Full-Frame 85mm f/1.8 Lens



TTArtisan ने नया AF 85mm f/1.8 Neo फुल-फ्रेम पोर्ट्रेट प्राइम लेंस लॉन्च किया है, जो Sony और Nikon मिररलेस कैमरों के लिए उपलब्ध होगा। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसकी बेहद किफायती कीमत है। f/1.8 का तेज अपर्चर पोर्ट्रेट फोटोग्राफी में आकर्षक बैकग्राउंड ब्लर और कम रोशनी में बेहतर प्रदर्शन का विकल्प देता है। ऑटोफोकस से लैस यह लेंस कम बजट में फुल-फ्रेम पोर्ट्रेट फोटोग्राफी शुरू करने वालों के लिए उपयोगी विकल्प है।

### Godox का नया Electric Suction Cup, कहीं भी लगाएं फ्लैश और लाइट




Godox ने नया Electric Suction Cup पेश किया है, जो खुद कोई लाइटिंग डिवाइस नहीं बल्कि लाइट्स को असामान्य स्थानों पर माउंट करने वाला एक्सेसरी है। इलेक्ट्रिक सक्शन सिस्टम की मदद से फोटोग्राफर्स फ्लैश और अन्य लाइटिंग उपकरणों को विभिन्न सतहों पर सुरक्षित रूप से लगा सकते हैं। यह समाधान खासतौर पर क्रिएटिव पोर्ट्रेट, प्रोडक्ट, लोकेशन और ऑन-लोकेशन शूटिंग में नए लाइटिंग एंगल और सेटअप बनाने में उपयोगी हो सकता है।

### SmallRig ने लॉन्च किया Potato Jet Tribex Pro Monopod



SmallRig ने Potato Jet के सहयोग से नया Tribex Pro Monopod पेश किया है। इसमें कंपनी के Tribex Tripod में पेश किए गए Single-Handle Clutch Mechanism को मोनोपॉड में शामिल किया गया है। इस सिस्टम का उद्देश्य कैमरा सपोर्ट की ऊंचाई

शेष पृष्ठ 11 पर ...

STUDIO NEWS
लखनऊ, रविवार, 6 सितम्बर 2026 से 5 अक्टूबर 2026

तस्वीरों के साथ एक अच्छी बात ये है कि वे कभी नहीं बदलती, भले ही उन तस्वीरों में कैद लोग बदल जाएं। - एंडी वारहोल





SIGMA

CONTEMPORARY
18–50mm F2.8 DC DN

# फोटो वीडियो एशिया 2026 में दिखा फोटोग्राफी का बदलता भविष्य

## 30-31 अगस्त एवं 01 सितम्बर 2026, प्रगति मैदान, नई दिल्ली















































STUDIO NEWS
लखनऊ, रविवार, 6 सितम्बर 2026 से 5 अक्टूबर 2026

मेरे विचार में फोटोग्राफी रात में चुपचाप, दबे पाँव रसोई में जाकर ओरियो कुकी खाने के समान है। - डायना अर्बुस



महान विभूतियाँ

# गॉर्डन रोजर अलेक्जेंडर पार्क्स बुकानन

## (30 नवंबर, 1912 - 7 मार्च, 2006)

(फोटोग्राफी जगत में इन्हें आमतौर पर गॉर्डन पार्क्स के नाम से जाना जाता है।)



गॉर्डन पार्क्स

गॉर्डन पार्क्स एक बेहद प्रभावशाली और नए रास्ते खोलने वाले अमेरिकी फोटोग्राफर, फिल्म निर्माता, संगीतकार और लेखक थे। उनका जन्म 30 नवंबर, 1912 को फोर्ट स्कॉट, कंसास (अमेरिका) में एंड्रयू जैक्सन पार्क्स और सारा रॉस के घर हुआ था। वे अपने 15 भाई-बहनों में सबसे छोटे थे। उनके पिता एक किसान थे।

1940 से 1970 के दशक के दौरान वे अमेरिकी डॉक्यूमेंट्री फोटो-पत्रकारिता में एक बड़ा नाम बनकर उभरे। उन्होंने नागरिक अधिकारों, गरीबी, अफ्रीकी - अमेरिकी समुदाय के मुद्दों और ग्लैमर फोटोग्राफी में खास पहचान बनाई। उन्हें 1940 के दशक में गरीब अमेरिकियों की खींची गई ऐतिहासिक तस्वीरों (जो एक सरकारी प्रोजेक्ट के तहत ली गई थीं) और 'लाइफ' (Life) मैगजीन के लिए तैयार किए गए फोटो-निबंधों के लिए सबसे ज्यादा याद किया जाता है। वे एक अग्रणी फोटो-पत्रकार थे और 'लाइफ' मैगजीन के पहले अश्वेत (ब्लैक) स्टाफ फोटोग्राफर बने। अपने कैमरे से उन्होंने नागरिक अधिकारों, गरीबी और नस्लीय भेदभाव से जुड़ी बेहद असरदार तस्वीरें दुनिया के सामने रखीं।

उन्होंने अपनी प्राथमिक शिक्षा एक ऐसे स्कूल से ली जहाँ रंगभेद के आधार पर काले और गोरे बच्चों को अलग रखा जाता था। कस्बा छोटा होने के कारण अलग हाई स्कूल नहीं था, इसलिए उनका हाई स्कूल मिला-जुला था। इसके बावजूद, अश्वेत (ब्लैक) छात्रों को खेलकूद या स्कूल के सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेने की इजाजत नहीं थी, और उन्हें उच्च शिक्षा के सपने न देखने की सलाह दी जाती थी। अपने जीवन पर बनी एक डॉक्यूमेंट्री में पार्क्स ने बताया था कि उनके शिक्षक ने उनसे यहाँ तक कह दिया था कि उनका कॉलेज जाने का सपना सिर्फ पैसे की बर्बादी होगा।

अट्ठाईस साल की उम्र में, पार्क्स एक पत्रिका में प्रवासी मजदूरों की तस्वीरें देखकर गहरे प्रभावित हुए। उन्होंने सिएटल, वॉशिंगटन की एक मोहरे/गिरवी की दुकान (pawnshop) से महज $12.50 में अपना पहला कैमरा, 'वॉयग्लैंडर ब्रिलियंट' (Voigtländer Brillant) खरीदा और खुद ही तस्वीरें खींचना सीखा। जब उन्होंने अपना पहला रोल डेवलप करवाया, तो लैब कर्मियों ने उनके काम की बहुत तारीफ की और उन्हें सेंट पॉल, मिनेसोटा के एक महिला कपड़ों के स्टोर में फैशन फोटोग्राफी का काम तलाशने के लिए प्रेरित किया। इन तस्वीरों पर हेवीवेट बॉक्सिंग चैंपियन जो लुईस की पत्नी, मारवा लुईस की नजर पड़ी। मारवा के कहने पर पार्क्स और उनकी पत्नी सैली एल्विस 1940 में शिकागो चले गए। वहाँ पार्क्स ने पोर्ट्रेट फोटोग्राफी का काम शुरू किया, जिसमें वे समाज की संभ्रांत महिलाओं की तस्वीरें खींचने में माहिर हो गए। शिकागो में अफ्रीकी-अमेरिकियों के विविध अनुभवों और संघर्षों को कैमरे में कैद करने के उनके काम की वजह से उन्हें 1942 में प्रतिष्ठित 'जूलियस रोजेनवाल्ड फेलोशिप' मिली। इस फेलोशिप के तहत उन्हें हर महीने $200 मिलते थे और साथ ही अपनी पसंद की संस्था के साथ काम चुनने की आजादी भी मिली।

अगले कुछ सालों तक, पार्क्स अलग-अलग नौकरियाँ बदलते रहे और साथ ही एक फ्रीलांस पोर्ट्रेट और फैशन फोटोग्राफर के रूप में भी अपना काम आगे बढ़ाते रहे। उन्होंने शिकागो के 'साउथ साइड' इलाके की अश्वेत बस्तियों (ब्लैक यहूदी/अश्वेत बस्तियों) की जिंदगी को अपने कैमरे में दर्ज करना शुरू किया। 1941 में इन्हीं तस्वीरों की एक प्रदर्शनी की बदौलत पार्क्स को फार्म सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेशन (FSA) के साथ एक फोटोग्राफी फेलोशिप मिली।

FSA में रॉय स्ट्राइकर के मार्गदर्शन में









STUDIO NEWS

लखनऊ, रविवार, 6 सितम्बर 2026 से 5 अक्टूबर 2026

**जब लोग मुझसे पूछते हैं कि मैं कौन सा उपकरण इस्तेमाल करता हूँ, मैं उन्हें बताता हूँ - मेरी आँखें। - अनसल एडम**



















एक ट्रेनी के रूप में काम करते हुए, पार्क्स ने अपनी सबसे मशहूर तस्वीरों में से एक खींची - 'अमेरिकन गॉथिक, वाशिंगटन, डी.सी.'। ग्रांट वुड की प्रसिद्ध पेंटिंग 'अमेरिकन गॉथिक' से प्रेरित और उसी नाम पर आधारित, पार्क्स की यह दिल को छू लेने वाली तस्वीर एला वॉटसन की थी। एला एक अश्वेत महिला थीं, जो FSA इमारत के सफाई कर्मचारियों के दल में काम करती थीं। इस तस्वीर में वे अमेरिकी झंडे के ठीक सामने सीधी खड़ी हैं, एक हाथ में झाड़ू थामे हुए और पृष्ठभूमि में एक पोछा (mop) रखा हुआ है। राजधानी शहर में फैले नस्लभेद के कारण जब पार्क्स को लगातार रेस्तरां और दुकानों में अपमान का सामना करना पड़ा, तब उन्हें भीतर से इस शक्तिशाली तस्वीर को रचने की प्रेरणा मिली।

अमेरिकी सरकार के लिए गॉर्डन पार्क्स द्वारा किए गए पूरे काम ने, जिसमें उन्होंने अपने कैमरे को 'एक हथियार' की तरह इस्तेमाल किया, उस दौर के अन्य सभी अश्वेत सरकारी फोटोग्राफरों की तुलना में समकालीन लोगों और इतिहासकारों का कहीं अधिक ध्यान खींचा।

पार्क्स ने फैशन की दुनिया में फिर से फोटोग्राफी के काम की तलाश शुरू की। 'ऑफिस ऑफ वॉर इंफॉर्मेशन' से इस्तीफा देने के बाद, वे हार्लेम चले गए और 'वोग' (Vogue) मैगजीन के लिए एक फ्रीलांस फैशन फोटोग्राफर बन गए। अगले कुछ सालों तक वोग के लिए फैशन फोटोग्राफी करते हुए, उन्होंने अपनी एक खास और अलग शैली विकसित की, जिसमें वे मॉडल्स को स्थिर या बेजान पोज में रखने के बजाय उन्हें गति (मोशन) में कैद करते थे।

पार्क्स ने 1950 में 'लाइफ' मैगजीन के लिए एक प्रोजेक्ट पूरा किया था, जिसकी तस्वीरों की एक प्रदर्शनी 2015 में 'बोस्टन म्यूजियम ऑफ फाइन आर्ट्स' में लगाई गई थी। इस प्रोजेक्ट के लिए पार्क्स अपने गृहनगर फोर्ट स्कॉट (कंसास) लौटे थे, जहाँ तब भी रंगभेद और छुआछूत का माहौल था। वहाँ उन्होंने अपने समुदाय की जमीनी हकीकत और अपने साथ पढ़े 11 सहपाठियों की तत्कालीन जिंदगी को कैमरे में दर्ज किया, जो उनके साथ उसी अलग-थलग (सेग्रिगेटेड) मिडल स्कूल में पढ़ते थे। इस प्रोजेक्ट में पार्क्स की अपनी टिप्पणियाँ भी शामिल थीं, लेकिन 'लाइफ' मैगजीन ने इस काम को कभी प्रकाशित नहीं किया।

पार्क्स ने तीन शादियां कीं और तीनों ही शादियों का अंत तलाक में हुआ। उनकी पहली दो पत्नियां अश्वेत (ब्लेक) थीं, और इन दोनों रिश्तों में वे करीब 40 साल तक बंधे रहे। उन्होंने 1933 में मिनियापोलिस में सैली एल्विस से शादी की थी और 25 से अधिक सालों तक साथ रहने के बाद 1961 में उनका तलाक हो गया। इसके बाद 1962 में उन्होंने एलिजाबेथ कैंपबेल से शादी की, जिनसे 1973 में उनका तलाक हुआ। पार्क्स की पहली मुलाकात चीनी-अमेरिकी संपादक जेनेविव यंग से 1962 में हुई, जब उन्होंने लिखना शुरू किया था। वे दोनों उस समय एक-दूसरे के करीब आए जब दोनों ही अपने पिछले साथी से तलाक ले रहे थे, और फिर 1973 में दोनों ने शादी कर ली। यह पार्क्स की सबसे छोटी शादी थी, जो केवल छह साल चली। 1979 में तलाक के बावजूद, पार्क्स और यंग 7 मार्च 2006 को पार्क्स के निधन तक बेहद करीबी दोस्त बने रहे।

उन्हें कई प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा गया, जिनमें शामिल हैं - NAACP इमेज अवार्ड (2003), PGA ऑस्कर मिशो अवार्ड (1993), नेशनल मेडल ऑफ आर्ट्स (1988) और स्पिनगार्न मेडल (1972)।



**अनिल रिसाल सिंह**

MFIAP (France), ARPS (Great Britain), Hon.FIP (India), Hon.LCC (India), FFIP (India), AIIPC (India), Hon.FSoF (India), Hon.FPAC (India), Hon.TPAS (India), Hon.FSAP (India), Hon.FICS (USA), Hon.PSGSPC (Cyprus), Hon.FPSNJ (America), Hon. Master-TPAS (India), Hon. Master-SAP (India), Hon.FWPAI (India), Hon.FGGC (India), Hon.GA-PSGSPC (Cyprus)

**पूर्व अध्यक्ष, फेडरेशन ऑफ इण्डियन फोटोग्राफी**

# जब प्रकाश तस्वीर का एक किरदार बन जाता है



हृदगंधा गिरीश मिस्त्री
एडवर्टाइजिंग एवं कमर्शियल फ़ोटोग्राफ़र,
डीन और निदेशक, शारी अकादमी, मुंबई
@shari_academy | @thewayhridsees

कभी-कभी मैं किसी तस्वीर को देखती हूँ, तो महसूस करती हूँ कि उसमें मुझे सबसे ज्यादा रोशनी ही अपनी ओर खींच रही है। तस्वीर की सजावट या छोटी-छोटी चीजों पर ध्यान जाने से पहले ही मैं उसकी रोशनी से बने माहौल और ज़ज्बातों को महसूस करने लगती हूँ। चेहरे पर पड़ने वाली जरा-सी रोशनी भी मुझे ठहरकर देखने पर मजबूर कर देती है, वहीं कोई गहरी छाया तस्वीर को थोड़ी देर और निहारने के लिए प्रेरित करती है।

जब मैंने प्रोफेशनल फोटोग्राफी शुरू की थी, तब मैं हमेशा 'परफेक्ट लाइट' की तलाश में रहती थी। लेकिन वक्त के साथ मेरी सोच बदली और मैं ऐसी रोशनी तलाशने लगी, जो तस्वीर के लिए कोई अर्थ रखती हो। तकनीकी तौर पर कोई तस्वीर बिल्कुल सही हो सकती है, फिर भी उसमें कुछ अधूरापन महसूस हो सकता है। मैं चाहती थी कि रोशनी सिर्फ साधन न रहे, बल्कि वह तस्वीर की कहानी का एक हिस्सा बने।

यहाँ दिए गए प्रोफाइल पोर्ट्रेट में चेहरे का केवल एक छोटा-सा हिस्सा ही दिखाई दे रहा है। आसपास फैला अंधेरा उस रोशनी को और भी प्रभावशाली बना देता है। हमारी नजर धीरे-धीरे माथे, नाक और ठुड्डी की आकृति पर टिकती है। तस्वीर में इतना ही दिखाई देता है कि हमारा ध्यान उस पर बना रहे। यहीं से रोशनी एक किरदार की तरह महसूस होने लगती है।



**चेहरे पर रोशनी की यह पतली-सी किरण प्रोफाइल को उभारती है और चारों ओर फैला अंधेरा उस रोशनी को और अधिक प्रभावशाली बनाता है।**

मुझे एक ब्यूटी फोटोशूट की याद आती है, जहाँ मॉडल, उसकी स्टाइलिंग और मेकअप आदि सब कुछ बेदाग था। तकनीकी रूप से तस्वीर में कोई कमी नहीं थी, लेकिन फिर भी मुझे उसमें एक ख़ास एहसास की तलाश थी। मैंने मुख्य लाइट बंद कर दी और खिड़की से छनकर आती प्राकृतिक रोशनी में शूट करना शुरू किया। जैसे-जैसे चेहरे के इर्द-गिर्द छाया गहरी होने लगी, तस्वीर का भाव पूरी तरह बदल गया। यह छोटा-सा बदलाव मेरे दिल में उतर गया। इससे मुझे समझ आया कि रोशनी का चुनाव किसी तस्वीर में मौजूद इंसान को देखने और महसूस करने के हमारे नजरिए को कितना बदल सकता है।

तभी से मैं तस्वीर में रोशनी के साथ-साथ छाया पर भी उतना ही ध्यान देने लगी हूँ। मैं देखती हूँ कि रोशनी कहाँ ढल रही है, वह अंधेरे में कितनी धीरे या कितनी तेजी से घुल रही है और इस बदलाव का चेहरे पर क्या असर पड़ रहा है। कभी-कभी थोड़ी ज्यादा छाया किसी पोर्ट्रेट को वह गहराई दे देती है, जिसकी तलाश होती है, वहीं छाया को थोड़ा कम करने से तस्वीर में सुकून और सहजता का भाव उभरता है।

एक अन्य बैठे हुए पोर्ट्रेट में रोशनी हमारा ध्यान चेहरे की ओर खींचती है, जबकि नीला बैकग्राउंड और गहरी छायाएँ मिलकर एक अलग माहौल और भाव तय करती हैं। यद्यपि हाथों की स्थिति और शरीर का पोश्चर भी कहानी का हिस्सा हैं, फिर भी सबसे पहले ध्यान चेहरे पर ही जाता है। मेरे लिए रोशनी, छाया और रंग के बीच का यही संतुलन किसी पोर्ट्रेट को उसकी अपनी आवाज देता है।



**रोशनी हमारा ध्यान चेहरे की ओर ले जाती है, जबकि नीला बैकग्राउंड और गहरी छायाएँ तस्वीर के भाव और माहौल को तय करती हैं।**

रोशनी हमें सतहों (surfaces) को भी गौर से देखने के लिए प्रेरित करती है। त्वचा, कपड़ा, धातु और काँच - हर सतह रोशनी के साथ अलग तरह का व्यवहार करती है। किसी एक तस्वीर में जो प्रतिबिंब (reflection) हमें भटकाने वाला लग सकता है, वही दूसरी तस्वीर का सबसे दिलचस्प पहलू बन सकता है। मुझे यह बात ख़ास तौर पर तब भाती है, जब पोर्ट्रेट में कोई ऐसी वस्तु शामिल हो जो उस व्यक्ति के व्यक्तित्व या पेशे के बारे में कुछ बताती हो।

शेफ के एक पोर्ट्रेट में दोनों चाकुओं के ब्लेड पर रोशनी के अलग-अलग प्रतिबिंब दिखाई देते हैं। एक ब्लेड चमकदार है, जबकि दूसरा काफी हद तक छाया में दबा है। चमकीले और गहरे रिफ्लेक्शन मिलकर आँख के आसपास एक मजबूत आकार बनाते हैं। त्वचा की अपनी चमक और बनावट का धातु के साथ यह कंट्रास्ट फ्रेम को जीवंत बना देता है। यहाँ एक ही फ्रेम में रोशनी चेहरे और धातु, दोनों को उनकी अलग पहचान देती है।

इसीलिए मेरा मानना है कि कैमरा और लाइटिंग उपकरणों को समझ लेना सिर्फ एक शुरूआत है। हमें यह परखना होगा कि छोटा-सा बदलाव क्या असर पैदा करता है। लाइट का कोण थोड़ा बदलना, किसी वस्तु को जरा-सा घुमाना या कैमरे की स्थिति बदलना, इन सबसे तत्वों के आपसी रिश्ते बदल जाते हैं। सबसे अहम सवाल यह है कि क्या यह बदलाव हमें उस तस्वीर के और करीब ले जा रहा है, जो हम रचना चाहते हैं? कोई भी खूबसूरत 'हाईलाइट' तभी सार्थक होती है, जब वह तस्वीर के भाव को व्यक्त करने में मदद करे।



**चमकीले और गहरे रिफ्लेक्शन ब्लेड को आकार देते हैं और हमारा ध्यान आँख की ओर खींचते हैं।**

कुछ तस्वीरों में रोशनी सिर्फ व्यक्ति पर ही नहीं पड़ती, बल्कि उसके चारों तरफ एक पूरी दुनिया रच देती है। पीतल के बर्तनों के पास खड़ी महिला की तस्वीर में गर्म (warm) रोशनी के अंश चेहरे, कपड़ों और धातु को आपस में जोड़ते हैं, जबकि ठंडी (cool) छायाएँ इन हिस्सों को और अधिक उभार देती हैं। इससे पूरी तस्वीर में एक ऐसा माहौल बनता है, जो महज उन वस्तुओं से पैदा नहीं हो सकता था।

हालाँकि मैं अक्सर पहले से तय लाइटिंग के साथ काम करती हूँ, फिर भी शूट के दौरान सामने आने वाले अप्रत्याशित पलों के लिए हमेशा तैयार रहती हूँ। कभी कोई अचानक उभरा रिफ्लेक्शन या चेहरे का जरा-सा मुड़ना किसी ऐसी बारीकी को सामने ले आता है, जिस पर पहले ध्यान न गया हो। ऐसे क्षण हमें रूककर सोचने का मौका देते हैं। अनुभव हमें यही सिखाता है कि इन अप्रत्याशित पलों को तस्वीर का हिस्सा बनाना है या नहीं।

मैं अपने विद्यार्थियों को भी यही समझाती हूँ कि सबसे पहले रोशनी की दिशा, उसकी प्रकृति और उसे नियंत्रित करना सीखें। इसके बाद यह परखने में वक्त बिताएँ कि आपके इन फैसलों और बदलावों से क्या भाव पैदा हो रहा है। कोई भी लाइटिंग सेटअप तभी सार्थक है, जब आप यह समझें कि वह उस खास चेहरे, वस्तु या कहानी के लिए क्यों जरूरी है।

मेरे लिए रोशनी तब एक मुकम्मल किरदार बन जाती है, जब उसकी मौजूदगी तस्वीर को देखने और महसूस करने के नजरिए को बदल दे। हम तस्वीर का चेहरा, हाव-भाव या कोई छोटी बात भूल सकते हैं, लेकिन रोशनी यह याद दिलाती रहती है कि उस तस्वीर को देखकर हमारे दिल में क्या भाव जागा था। मैं हमेशा इसी रोशनी की तलाश में रहती हूँ।



**गर्म रोशनी चेहरे, कपड़े और पीतल के बर्तनों को आपस में जोड़ती है और पूरे दृश्य को एक खास माहौल देती है।**

STUDIO NEWS

लखनऊ, रविवार, 6 सितम्बर 2026 से 5 अक्टूबर 2026

नई चीजों को आम बनाना और आम चीजों को रोचक बनाना फोटोग्राफी की सबसे बड़ी ताकत है। - विलियम ठाकरे

पृष्ठ 4 से आगे ...

# अन्तर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय खबरें

और स्थिति को तेजी से एडजस्ट करना है। फोटो और वीडियो शूटिंग के लिए तैयार यह मोनोपॉड पोर्टेबिलिटी, तेज ऑपरेशन और बेहतर नियंत्रण चाहने वाले क्रिएटर्स के लिए उपयोगी विकल्प हो सकता है।

**Panasonic ने रिफ्रेश किए चार Lumix लेंस, तीन Micro Four Thirds के लिए**



Panasonic ने अपने Lumix लाइनअप के चार लेंसों को अपडेट किया है, जिनमें तीन Micro Four Thirds और एक L-Mount सिस्टम के लिए हैं। अपडेट किए गए Micro Four Thirds मॉडल में Leica DG Summilux 25mm f/1.4 II, Lumix G 42.5mm f/1.7 और Leica DG Vario-Elmarit 12-60mm f/2.8-4 शामिल हैं। इनमें नए Fluorine Coating और फ्रंट रिंग पर कम रिफ्लेक्टिव मार्किंग दी गई है, जिससे खासकर क्लोज-अप फोटोग्राफी के दौरान अनचाहे प्रतिबिंब कम होंगे।

**Apple ने पेश किया अब तक का सबसे पावरफुल Mac mini**



Apple ने अपनी लोकप्रिय Mac mini सीरीज की नई पीढ़ी पेश की है, जिसमें नया M6 और M5 Pro चिप विकल्प दिया गया है। कंपनी के अनुसार नए प्रोसेसर Mac mini को पहले से बेहतर कंप्यूटिंग और ग्राफिक्स प्रदर्शन प्रदान करते हैं। कॉम्पैक्ट डेस्कटॉप को विशेष रूप से प्रोफेशनल और क्रिएटिव वर्कफ्लो के लिए अधिक सक्षम बनाया गया है। नया Mac mini फोटो एडिटिंग, वीडियो प्रोडक्शन, ग्राफिक्स और अन्य demanding कार्यों के लिए मजबूत डेस्कटॉप विकल्प बनकर सामने आया है।

**Apple ने पेश किए नए M6 और M5 Ultra चिप्स**

Apple ने नए M6 और M5 Ultra चिप्स




पेश किए हैं, जो कंपनी के डेस्कटॉप कंप्यूटिंग में नई परफॉर्मेंस क्षमता लेकर आए हैं। M6 कंपनी की पहली 2-nanometer chip है, जबकि M5 Ultra को हाई-एंड प्रोसेसिंग के लिए तैयार किया गया है। दोनों चिप्स नए Mac mini और Mac Studio कंप्यूटरों में पेश किए गए हैं। बेहतर प्रोसेसिंग क्षमता वाले ये सिस्टम फोटो एडिटिंग, वीडियो प्रोडक्शन, 3D और अन्य demanding creative workflows के लिए उपयोगी हो सकते हैं।

**7Artisans ने पेश किया Full-Frame 10mm f/2.5 AF Fisheye Lens**



7Artisans ने Sony, Nikon और L-Mount फुल-फ्रेम कैमरों के लिए नया 10mm f/2.5 AF Fisheye लेंस लॉन्च किया है। ऑटोफोकस से लैस यह अल्ट्रा-वाइड फिशआई लेंस फुल-फ्रेम सिस्टम के लिए एक अलग और आकर्षक विकल्प के रूप में सामने आया है। इसकी खासियत बेहद व्यापक फील्ड ऑफ व्यू के साथ आक्रामक कीमत है। लेंस को क्रिएटिव, आर्किटेक्चर, लैंडस्केप और एक्सपेरिमेंटल फोटोग्राफी के लिए उपयोगी बनाया गया है।

**Godox ने Macro Photography के लिए लॉन्च किया Flexible Twin Light MA2**



Godox ने मैक्रो फोटोग्राफी के लिए नया Flexible Macro Twin Light MA2 लॉन्च किया है। हॉट-शू आधारित यह ट्विन लाइट सिस्टम दो लचीले आर्म्स के साथ आता है, जिन्हें विषय के अनुसार अलग-अलग दिशा में सेट किया जा सकता है। इसमें A/B लाइट कंट्रोल और एडजस्टेबल Color Temperature आउटपुट जैसी सुविधाएँ दी गई हैं। सिस्टम को छोटे विषयों पर सटीक और नियंत्रित रोशनी देने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे मैक्रो फोटोग्राफी में अधिक क्रिएटिव लाइटिंग संभव होगी।

**Samsung P9 USB4 SSD: 4,000MB/s स्पीड के साथ फोटो वर्कफ्लो के लिए नया विकल्प**




Samsung ने नई P9 और P7 Portable SSD सीरीज पेश की है, जिसे T-Series की तुलना में तेज और अधिक क्षमता वाले स्टोरेज समाधान के रूप में तैयार किया गया है। खासतौर पर P9 USB4 SSD 4,000MB/s तक की ट्रांसफर स्पीड देने का दावा करता है, जिससे बड़ी RAW फोटो और वीडियो फाइलों का बैकअप व ट्रांसफर तेजी से किया जा सकेगा। सीरीज में 8TB तक स्टोरेज क्षमता और क्तवच च्तवजमबजपवद भी दी गई है, जो प्रोफेशनल क्रिएटर्स के लिए उपयोगी है।

**GoPro का पहला Interchangeable-Lens Camera Mission 1 Pro ILS लॉन्च**



GoPro ने अपना पहला Interchangeable-Lens Camera, Mission 1 Pro ILS, उपलब्ध करा दिया है। कैमरे में Micro Four Thirds Mount दिया गया है, जिससे यूजर्स GoPro के एक्शन कैमरा सिस्टम में पहली बार अलग-अलग MFT लेंस का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह कदम GoPro के कैमरा सिस्टम को पारंपरिक एक्शन कैमरों से आगे ले जाता है और फोटोग्राफर्स व क्रिएटर्स को फोकल लेंथ तथा शूटिंग स्टाइल के अनुसार लेंस चुनने की अधिक स्वतंत्रता देता है।

**Sigma Aizu Prime Cine Series में जुड़े तीन नए T1.3 लेंस**



Sigma ने अपनी Aizu Prime Cinema Lens Series में तीन नए लेंस - 21mm T1.3 LF, 100mm T1.3 LF और 125mm T1.3 LF पेश किए हैं। इनके साथ Aizu लाइनअप में अब कुल 11 T1.3 सिने लेंस हो गए हैं। इससे पहले इस सीरीज में 25mm से 75mm तक की फोकल लेंथ उपलब्ध थीं। नए लेंस सीरीज की वाइड, टेली और पोर्ट्रेट सिनेमैटिक शूटिंग क्षमताओं को बढ़ाते हैं और फिल्ममेकर्स को अधिक क्रिएटिव विकल्प देते हैं।

**Tim Cook का Apple CEO के रूप में 15 साल का सफर पूरा**



Tim Cook ने Apple के CEO पद की जिम्मेदारी John Ternus को सौंप दी है। 15 वर्षों के कार्यकाल में उनके नेतृत्व में Apple का बाजार मूल्य करीब $347 बिलियन से बढ़कर $4.6 ट्रिलियन तक पहुंचा, यानी लगभग 13.3 गुना वृद्धि। Cook के कार्यकाल को Apple के विस्तार, नए उत्पादों और सेवाओं के विकास तथा कंपनी के वैश्विक प्रभाव में बढ़ोतरी के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। अब John Ternus कंपनी की कमान संभालेंगे।

**Caira: बिल्ट-इन AI वीडियो एडिटिंग वाला पहला मिररलेस कैमरा सिस्टम**



Camera Intelligence ने अपने AI-आधारित Micro Four Thirds कैमरा Caira में जनरेटिव AI वीडियो एडिटिंग फीचर जोड़ने की घोषणा की है। कंपनी के अनुसार, यह बिल्ट-इन जनरेटिव वीडियो एडिटिंग क्षमता वाला पहला मिररलेस कैमरा सिस्टम है। फीचर Caira के साथ जुड़े स्मार्टफोन और ऐप के जरिए काम करेगा। इसके लिए Google Gemini Omni 1.1 Flash और Runway Aleph 2.0 तकनीक का उपयोग किया जाएगा। यूजर्स वीडियो में AI आधारित एडिटिंग कर सकेंगे।

**DJI ने लॉन्च किया 8K Osmo 360 II 360° कैमरा**



DJI ने अपना नया फ्लैगशिप Osmo 360 II 360-डिग्री कैमरा पेश किया है। यह कैमरा 8K वीडियो रिकॉर्डिंग को सपोर्ट करता है और इसमें नया स्क्वायर सेंसर दिया गया है। कैमरे की एक प्रमुख खासियत इसके रिप्लेसेबल लेंस हैं, जिससे शूटिंग जरूरत के अनुसार ऑप्टिकल सेटअप बदलना संभव होगा। नया मॉडल एक्शन, ट्रैवल और इमर्सिव कंटेंट क्रिएशन के लिए डिजाइन किया गया है और DJI की 360° कैमरा तकनीक को आगे बढ़ाता है।

**Instagram का नया 'First Draft' फीचर बनाएगा Reels का पहला एडिट**




Instagram ने नया First Draft वीडियो एडिटिंग फीचर लॉन्च किया है, जो यूजर्स के वीडियो क्लिप्स को ऑटोमैटिकली ट्रिम और एडिट करके Reels के लिए शुरुआती कट तैयार करता है। यह फीचर लंबे या कई क्लिप वाले फुटेज से तेजी से एक बेस एडिट बनाने में मदद करता है, जिससे क्रिएटर्स को मैनुअल एडिटिंग में लगने वाला समय कम हो सकता है। Instagram का नया टूल खासतौर पर शॉर्ट-फॉर्म वीडियो और तेज कंटेंट वर्कफ्लो को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।













# तकनीक से हुनर तक - वर्कशॉप की खास झलक



निकॉन द्वारा मिररलेस कैमरा वर्कशॉप, लखीमपुर (09 अगस्त 2026)


कैनन द्वारा फोटोग्राफी वर्कशॉप, लखनऊ (10 अगस्त 2026)



निकॉन द्वारा मिररलेस कैमरा वर्कशॉप, बहराइच (12 अगस्त 2026)



सोनी द्वारा फोटोग्राफी वर्कशॉप, लखनऊ (18 अगस्त 2026)



फूजीफिल्म द्वारा फोटोग्राफी वर्कशॉप, कानपुर (19 अगस्त 2026)



निकॉन द्वारा मिररलेस कैमरा वर्कशॉप, जौनपुर (19 अगस्त 2026)



सोनी द्वारा फोटोग्राफी वर्कशॉप, प्रयागराज (19 अगस्त 2026)



कैनन द्वारा फोटोग्राफी वर्कशॉप, कन्नौज (20 अगस्त 2026)



सोनी द्वारा फोटोग्राफी वर्कशॉप, वाराणसी (20 अगस्त 2026)



सोनी द्वारा फोटोग्राफी वर्कशॉप, गोरखपुर (21 अगस्त 2026)



कैनन द्वारा फोटोग्राफी वर्कशॉप, फतेहपुर (22 अगस्त 2026)



निकॉन द्वारा मिररलेस कैमरा वर्कशॉप, अमेठी (23 अगस्त 2026)



कैनन द्वारा फोटोग्राफी वर्कशॉप, मऊ (23 अगस्त 2026)



पैनासोनिक द्वारा फोटोग्राफी वर्कशॉप, फतेहपुर (24 अगस्त 2026)



निकॉन द्वारा वेडिंग वर्कशॉप, लखनऊ (25 अगस्त 2026)



निकॉन द्वारा वेडिंग वर्कशॉप, कानपुर (26 अगस्त 2026)



निकॉन द्वारा फैशन आउटडोर वर्कशॉप, वाराणसी (30 अगस्त 2026)


कैनन द्वारा फोटोग्राफी वर्कशॉप, लखनऊ (31 अगस्त 2026)

STUDIO NEWS

लखनऊ, रविवार, 6 सितम्बर 2026 से 5 अक्टूबर 2026

फोटोग्राफी सत्य है। -- जीन ल्यूक गोडार्ड



HP के कंट्री हेड-लार्ज फॉर्मेट प्रिंटिंग बिजनेस, **श्री वितेश शर्मा** को **'स्टूडियो न्यूज'** की प्रति भेंट करते 'स्टूडियो न्यूज' के संपादक।



उत्तर प्रदेश के **माननीय उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक** द्वारा **'इंडिया फोटो वीडियो एक्सपो-2026'** के पोस्टर का अनावरण



उत्तर प्रदेश के **माननीय उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य** द्वारा **'इंडिया फोटो वीडियो एक्सपो-2026'** के पोस्टर का अनावरण





AIPF की वार्षिक आम सभा नई दिल्ली में सम्पन्न हुई, बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।



नई दिल्ली में DJI की वर्कशॉप का आयोजन, AIPF द्वारा DJI टीम का स्वागत





मुरादाबाद में विशाल फोटो एक्सपो 2026 का भव्य आयोजन। एक्सपो का उद्घाटन नगर विधायक रितेश गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि विशेष गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया



कौशाम्बी में वर्कशॉप का आयोजन

# वर्ल्ड फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम



मेट्रो में हुआ फोटोवॉक, लखनऊ



न्यू बनारस कैमरा सोसाइटी, वाराणसी



फोटोग्राफर साथियों का सम्मान, सिद्धार्थ नगर



भव्य तिरंगा यात्रा, बाराबंकी



रक्तदान शिविर, बदायूँ



वरिष्ठ फोटोग्राफर का सम्मान, लखनऊ

## वरिष्ठ फोटोग्राफर अनिल रिसाल सिंह को मिला प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय 'APSA' सम्मान



अनिल रिसाल सिंह

फोटोग्राफी की राष्ट्रीय संस्था 'फेडरेशन ऑफ इंडियन फोटोग्राफी' के पूर्व अध्यक्ष, 'लखनऊ कैमरा क्लब' के अध्यक्ष और हमारे नियमित फीचर 'महान विभूतियाँ (लीजेंड्स ऑफ द पास्ट)' (फोटोग्राफी) के लेखक अनिल रिसाल सिंह को प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय फोटोग्राफी सम्मान मिला है। उन्हें **फोटोग्राफिक सोसाइटी ऑफ अमेरिका (PSA)** द्वारा **'एसोसिएट ऑफ फोटोग्राफिक सोसाइटी ऑफ अमेरिका' (APSA)** से सम्मानित किया गया है। इसकी घोषणा ऑनर्स कमेटी ने PSA जर्नल के अगस्त 2026 अंक में की। यह सम्मान उन्हें औपचारिक रूप से 19 सितंबर 2026 को लास वेगास में आयोजित होने वाले 'PSA फोटो फेस्टिवल' के दौरान प्रदान किया जाएगा।

अनिल रिसाल सिंह को इससे पहले भी कई बड़े और प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय फोटोग्राफी सम्मान मिल चुके हैं - जिनमें 1991 में ग्रेट ब्रिटेन की रॉयल फोटोग्राफिक सोसाइटी का 'एसोसिएट' (ARPS), 2009 में फ्रांस का 'मास्टर फेडरेशन इंटरनेशनल डी ल'आर्ट फोटोग्राफिक' (MFIAP), और 2011 में भारत सरकार द्वारा 'राष्ट्रीय फोटोग्राफी पुरस्कार' शामिल हैं।

इसके अलावा उन्हें अब तक विभिन्न फोटोग्राफी संस्थाओं, सोसायटियों और ट्रस्टों द्वारा 30 से भी अधिक 'मानद फेलोशिप' मिल चुकी हैं। वे पिछले पाँच दशकों से अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए फोटोग्राफी में निरंतर नए प्रयोग कर रहे हैं, साथ ही नई पीढ़ी और विभिन्न समूहों को फोटोग्राफी की कला व तकनीक का प्रशिक्षण भी दे रहे हैं।

## फ्लोरिस्ट लीग इंडिया की नैनीताल इकाई का पुनर्गठन



फ्लोरिस्ट लीग ऑफ इंडिया के पदाधिकारी एवं सदस्य

वर्ष 1985 में स्थापित फ्लोरिस्ट लीग इंडिया की नैनीताल इकाई को एकबार फिर से पुनर्गठन किया गया है। लीग को दोबारा से सक्रिय करने के उद्देश्य से नैनीताल में पद्श्री से सम्मानित अनूप शाह की अध्यक्षता में हुई बैठक में लीग के पुराने और सक्रिय सदस्यों से हिस्सा लिया। इस बैठक के दौरान संस्था के विस्तार को लेकर कई फैसले लिये गये। लीग द्वारा फूलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए फोटोग्राफी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

लम्हें
THE PHOTOBOOK

# ज्यादा बड़ा साइज, ज्यादा शानदार इम्प्रेशन

अगस्त स्पेशल ऑफ़र

आपके हर खास लम्हे के लिए

13" x 39" एल्बम

कीमत वही, साइज बड़ा
12" x 36" के दाम में पाएं 13"x39"

हर फोटो बनेगी और भी रॉयल
नया 13x39 फोटोबुक (एल्बम)
अब 12"x36" के रेट में अपग्रेड होकर पाएं 13x39" रॉयल साइज




12"x36" छोटा



13"x39" बड़ा


EQUIPPED WITH
HP INDIGO 15K
TRUE COLOURS. TRUE QUALITY.





स्पेशल पोस्टर ऑफर

हर 13" x 39" एल्बम पर पाएं
20" x 30" पोस्टर
(PRINTING AREA 20" x29")

सिर्फ ₹50/- मात्र





हमारी प्रिंटिंग की विशेषताएँ

- ☑ HD फुल रिज़ॉल्यूशन प्रिंटिंग
- ☑ हर फोटो और भी बड़ी, क्लियर और डिटेल में
- ☑ प्रीमियम फिनिश के साथ रॉयल लुक
- ☑ वेडिंग और प्रीमियम एल्बम के लिए परफेक्ट
- ☑ बड़ा साइज, ज्यादा इम्पैक्ट, ज्यादा वैल्यू





KK JAIN COLOUR LAB, LUCKNOW
(MANAGED BY : KUSH OFFSET PRINTERS)
Address : 12, Ravindra Palli, Faizabad Road, Lucknow, U.P. - 226016
Email : kkjaincolourlab@gmail.com | Website : www.kkjaincolourlab.com

+91 9305103409, 7607999306, 9956740444, 9936375813

STUDIO NEWS
लखनऊ, रविवार, 6 सितम्बर 2026 से 5 अक्टूबर 2026

जब मेरे हाथ में कैमरा होता है उस समय दुनिया की कोई बात मुझे नहीं डरा सकती। -- अल्फ्रेड आइसेनटाड






RNI No. : UPHIN/2017/74695, **स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक** - सुरेंदर सिंह बिष्ट, शॉप नं. 3, शान्ति मार्केट, लक्ष्मणपुरी गेट, फैजाबाद रोड, इन्दिरा नगर, लखनऊ - 226016 द्वारा ज्ञान प्रिंटर्स, 207, 208 लेखराज मार्केट-2, इन्दिरा नगर, लखनऊ-226016 से प्रकाशित।
**सम्पादक - सुरेंदर सिंह बिष्ट,** फोन - 9335915600, 0522-4108575, ई-मेलः mailtostudionews@gmail.com, वेबसाइट : www.studionews.co.in